KAMGAR EKTA COMMITTEE
President: Com. A.K. Srivastav (9130535934) General Secretary: Dr. A. Mathew (9833387137)

23 मई 2022

प्रति,

श्री सुनील कुमार पी.,

महासचिव,

ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर्स एसोसिएशन (AISMA)

प्रिय श्री सुनील कुमार जी,

विषय: 31 मई 2022 को AISMA द्वारा हड़ताल के लिए समर्थन का अनुरोध

मुझे उपरोक्त विषय पर आपका पत्र मिला। कामगार एकता कमिटी (KEC) आपकी न्यायोचित मांगों का पूरा समर्थन करती है। जैसा कि आपने कहा है, ये माँगे रेल कर्मचारियों के कई वर्गों के लिए समान हैं। आपकी मांगों को पूरा करने के लिए अन्य सभी साधनों का प्रयास करने के बाद 31 मई 2021 को सामूहिक आकस्मिक अवकाश पर जाने के आपके निर्णय का हम पूर्ण समर्थन करते हैं। वास्तव में आपने इस ऐतिहासिक संघर्ष के लिए सभी स्टेशन मास्टरों को एकजुट करने का वीरतापूर्वक कदम उठाया है। हम आपके संघर्ष की शानदार सफलता की कामना करते हैं और हमें विश्वास है कि यह रेल कर्मचारियों के अन्य वर्गों को भी उनकी उचित मांगों के लिए लड़ने के लिए प्रेरित करेगा।

आपका संघर्ष उन सभी रेल कर्मचारियों के लिए भी है जो विभिन्न तरीकों से आपका समर्थन करते हैं। वह उन यात्रियों के लिए भी महत्वपूर्ण है, जिनकी सुरक्षा दांव पर लगी होती है क्यों कि स्टेशन मास्टरों, लोको पायलटों और उनके जैसे अन्य रेलवे कर्मचारियों पर  पर्याप्त से ज्यादा काम का बोझ रहता है और प्रतिदिन उच्च स्तर के तनाव से वे पीड़ित होते हैं।

59, Ambedkar Sadan, Currey Road, Mumbai 40013, Tel: 23082008

KAMGAR EKTA COMMITTEE
President: Com. A.K. Srivastav (91305355934)    General Secretary: Dr. A. Mathew (9833387137)

जैसा कि आपने अपने पत्र में ठीक कहा है, "आने वाला समय आम तौर पर ट्रेड यूनियनों और विशेष रूप से रेलवे ट्रेड यूनियनों के लिए बहुत कठिन होने वाला है। केंद्र की सरकार श्रम विरोधी कानूनों को आगे बढ़ा रही है और अराजकता को बढ़ावा दे रही है और बड़े कॉरपोरेट्स को खुश करने के लिए अपनी नीतियों के माध्यम से श्रम की गरिमा को बदनाम कर रही है। ट्रेड यूनियनों के बीच अधिक एकता और रेलवे ट्रेड यूनियनों के आदर्शों, उद्देश्य, रणनीतियों और मानकों में एकरूपता की आवश्यकता पर इस समय जितना जोर दिया जाये वह कम है।"

रविवार, 29 मई को शाम 6 बजे, KEC एक राष्ट्रीय ऑनलाइन बैठक आयोजित करेगा, जहां रेलवे ट्रेड यूनियनों के राष्ट्रीय नेताओं को आपके वीर संघर्ष के लिए अपना खुला समर्थन घोषित करने का मौका मिलेगा। AILRSA (ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन), AIGC (ऑल इंडिया गार्ड्स काउंसिल), AIRTU (ऑल इंडिया रेलवे ट्रैक मेंटेनर्स यूनियन), और AITCA (ऑल इंडिया ट्रेन कंट्रोलर्स एसोसिएशन) के राष्ट्रीय नेताओं ने पहले ही अपनी भागीदारी की पुष्टि कर दी है। NFIR के महासचिव डॉ. एम. राघवैया ने कहा है कि वह इसमें शामिल होने का प्रयास करेंगे। अधिक रेलवे यूनियनों के भाग लेने की उम्मीद है।

KEC इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अन्य वर्गों के संघों और महासंघों के साथ-साथ बड़े पैमाने पर लोगों को भी आमंत्रित करेगा।

एकजुटता में,

डॉ. ए. मैथ्यू,

महासचिव,

कामगार एकता कमिटी (KEC)